# बस से टकराया ट्रक, उछलकर सडक पर गिरे बाराती

## आगे चल रही कार को बचाने में तेज रफ्तार में रॉन्ग साइड मुडा, 37 घायल

राजसमंद। राजसमंद में तेज रफ्तार ट्रक अचानक मुडा और सामने से आ रही बारात की बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में बैठे लोग उछलकर कई मीटर दूर जाकर गिरे। हादसे में 37 लोग घायल हो गए। सडक पर गिरे और बस में फंसे घायलों को निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। हादसा उदयपुर.राजसमंद हाईवे पर देलवाडा थाना इलाके में नेगड़िया टोल नाके के पास







बुधवार शाम 5रू45 बजे हुआ। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि ट्रक अपने आगे चल रही कार को बचाने के चक्कर में अचानक रॉन्ग साइड में मुड गया और बस से टकरा गया। वीडियो में टक्कर के बाद बस में बैठे 5 लोग उछलकर बाहर गिरते दिखाई दे रहे हैं। उदयपुर निवासी मनोज नायक पुत्र चुन्नी लाल की शादी आज राजसमंद के रहने वाले कालू राम नायक की बेटी पूजा से होनी है। दूल्हा और उसका छोटा भाई चंद्र प्रकाश कार से जा रहे थे। वहीं, बारात आदर्श नगर यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर से 4.15 बजे बस से रवाना हुई थी। चंद्र प्रकाश नायक ने बताया कि बारात उदयपुर से राजसमंद के ताराखेड़ा खंडेल चौराहे के पास जा रही थी। भिडंत के समय 4-5 बाराती उछलकर बस से नीचे गिर गए। हादसे के बाद बस में चीख. पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बस से बारातियों को बाहर निकाला। देलवाडा पुलिस भी जाब्ता के साथ मौके पर पहुंची। बस में करीब 50 बाराती सवार थेए जिनमें से कुल 37 लोग घायल हो गए। इनमें 5 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को अनंता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। एसपी मनीष त्रिपाठी ने घटना की जानकारी ली और श्रीनाथजी मंदिर और नाथद्वारा पुलिस थाने से भी घटना स्थल पर जाब्ता भेजा। हादसे में बस की एक साइड चकनाचूर हो गईए जबकि ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में ट्रक ड्राइवर बुरी तरह फंस गया। बस और ट्रकए दोनों के ड्राइवरों को आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से बाहर निकाला।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे उदयपुर, सीएम शर्मा ने एयरपोर्ट पर की अगवानी



**पल पल राजस्थान**

**उदयपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार रात विशेष विमान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। शाह रात को बीएसएफके विमान से यहां डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचे। वे मध्यप्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए। एयरपोर्ट पर गृहमंत्री के आगमन पर जयपुर से आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपरणा ओढा, मेवाडी पाग पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी, राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया, चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह, सलूम्बर विधायक शांता देवी मीणा, भाजपा शहर अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और भाजपा देहात अध्यक्ष पुष्कर तेली ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान सीआरपीएफ के एडीजी राजेश कुमार और आईजी सीआरपीएफ डॉ. अर्चना शिवहरे, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, प्रशिक्षु आईपीएस मनीष कुमार भी मौजूद रहे। शाह ने सडक मार्ग से नीमच के लिए रवाना हुए। वहां सीआरपीएफ के कार्यक्रम में भाग लेकर शाह गुरुवार को सिरोही के माउंट आबू जाएंगे और शाम 5.10 बजे पुनः डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। गृहमंत्री के नीमच प्रस्थान के पश्चात् मुख्यमंत्री भी विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर गए।

# कच्चे मकान में लगी भीषण आग, भाई-बहन जिंदा जले

उदयपुर। उदयपुर जिले के पाटिया थाना क्षेत्र के कनबई छतरी इलाके में बुधवार रात को एक घर में भीषण आग लगने से नाबालिग भाई.बहन जिंदा जल गए। जबकि उनके माता-पिता झुलस गए। वे अपने 2 बच्चों को लेकर बाहर भागे और बाकि के 2 बच्चों को बचाने के लिए झुलसी हालत में बाहर चिल्लाते रहे। लेकिन दोनों बच्चे जिंदा जल गए। झुलसी हालत में पति.पत्नी को खेरवाड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उन्हें डूंगरपुर हॉस्पिटल रेफर किया गया। कनबई छतरी इलाके में प्रभुलाल गमेती 48 अपनी पत्नी पुष्पा 42 और 4 बच्चों के साथ केलूपोश कच्चे मकान में रहता है। उनके घर के ठीक बाहर उनकी चाय.नाश्ता की दुकान है। बुधवार रात करीब 8 बजे उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। माता-पिता अपने 2 बच्चों को लेकर तुरंत बाहर आ गएए बाकि 2 बच्चे झोपड़ी में ही रह गए। अचानक आग भड़क गई और दोनों बच्चे बाहर नहीं आ पाए। माता-पिता ने अपने दोनों बच्चों को बचाने की



खूब कोशिश की, लेकिन तब तक आग ने पूरे केलूपोश मकान को चपेट में ले लिया। तेज आग के कारण माता-पिता अपने 2 बच्चों को नहीं बचा पाए, बल्कि खुद भी झुलस गए। आसपास के लोगों ने पानी से आग बुझाने की खूब कोशिश कीए लेकिन वे नाकाम रहे। इससे दोनों बच्चे बेटी जीनल गमेती 14 और बेटा सिद्धार्थ गमेती 8 इस भीषण आगजनी में जिंदा जल गए। दोनों के शव लकड़ी की तरह बुरी तरह से जल गए और जलने के बाद एकदम कड़क हो गए।

थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभुलाल गमेती के केलूपोश मकान में भीषण आगजनी में उनकी बेटी जीनल और बेटा सिद्धार्थ जिंदा जल गए। बेटी सरकारी स्कूल में 8वीं में और बेटा तीसरी कक्षा में पढ़ता था। थानाधिकारी ने बताया कि घर में आग शॉर्ट सर्किट से लगी या पेट्रोल से लगी है। फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों नाबालिगों के शव खेरवाड़ा हॉस्पिटल में रखवाए गए हैं। जहां गुरुवार को उनका पोस्टमार्टम होगा। वहींए मृतक के माता.पिता का इलाज जारी है।

# वोट देते समय आंख-बंद कर ठोका-ठोकी मत करो : कटारिया

## छात्रावास 6 किमी. दूर, अब इन बेटियों को साइकिल दिलाओ

उदयपुर। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने बालिका छात्रावास के उद्घाटन में आए लोगों से कहा. कोई एमपी और एमएलए कितनी भी हेकड़ी करे, लेकिन 5 साल बाद तो नाक रगड़ कर उनको आपके पास ही आना पड़ेगा। उस समय आप दिल और दिमाग रखकर निर्णय करें। वोट डालते तब आंख बंद करके ठोका-ठोकी मत करो, सोच समझ कर वोट करो। बेईमानों को वोट की पेटी में खत्म कर दो ताकि बेईमानी यहीं खत्म हो जाएगी और आप अच्छे आदमी पैदा करो। कटारिया बुधवार को उदयपुर जिले के कुराबड़ में जनजाति बालिका छात्रावास के उद्घाटन समारोह में आए थे। उन्होंने यहां वल्लभनगर विधायक से कहा कि यहां बेटियों के लिए छात्रावास बनाया लेकिन यह 6 किलोमीटर दूर बना दिया है। इन




बेटियों को अब साइकिल दिलाओ ताकि आने.जाने में दिक्कत नहीं होगी। पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एमएलए, एमपी और सरपंच भी वोट की पेटी से ही बनते हैं। आप अच्छे आदमी लेकर आओ, इसके लिए इतनी समझ आनी चाहिए। ये खजाना गुलाबचंद कटारिया के काकाजी का नहीं है। खजाना जनता के टैक्स के पैसे का है जो जयपुर और दिल्ली में बनता है। इसकी मालिक जनता ही है। कार्यक्रम में कटारिया ने कहा कि देश में किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को बहुत फायदा हो रहा है। यह 40 साल पहले किसी के ध्यान में नहीं आया। बड़े आदमी के पास कार्ड होता है। गरीब आदमी 10 हजार लेने जाता तो 4 से 10 प्रतिशत का ब्याज लुटेरों को देना पड़ता था। घर बर्बाद कर देते थे। दादागिरी और करते थे और जूते अलग मारते थे। आज बैंक में जाओ किसान क्रेडिट कार्ड से लोन ले लो हर साल 5 लाख का और चुकाओ समय पर और उससे अच्छा पशु खरीदो। इस दौरान कटारिया ने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि मैं 1973 से इस कुराबड़ इलाके में आ रहा हूं। तब हम आते तो हम पर पत्थर और मिट्टी फेंकते थे। इसके बाद भी हम यहीं कहते थे कि बदलाव लेकर आएंगे यह बात आज नहीं तो कल समझ में आएगी। बता दें कि समारोह में चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# धमकाकर जमीन के एग्रीमेंट मामले में पकड़ा दूसरा हिस्ट्रीशीटर

## 9 दिन पहले एक और हिस्ट्रीशीटर पकड़ा था,. 35.50 लाख रुपए मांगे थे

**उदयपुर।** पीड़ित को डरा.धमकाकर उसकी जमीन का एग्रीमेंट करा अवैध रूप से 35.50 लाख रुपए वसूली के मामले में एक और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी नरेश पालीवाल पुत्र भवानी शंकर पालीवाल निवासी सज्जन नगर अंबामाता को गिरफ्तार किया है। नरेश पालीवाल अंबामाता थाने का हिस्ट्रीशीटर है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पैदल जूलूस के रूप में थाने लाया गया। उसने हाथ जोड़ते हुए अपराध स्वीकार किया। इससे पहले इसी मामले में सुखेर थाने का हिस्ट्रीशीटर नरेश वैष्णव गिरफ्तार हो चुका है। जो अभी जेल में है। डीएसपी सूर्यवीर सिंह ने बताया कि




मामले में अभी आरोपी दिलीप नाथए निलंबित कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह, गजेंद्र, देवेन्द्र गायरी, शंकर सिंह, पिंटू कलाल और नारायण दास सहित अन्य साथियों को नामजद किया है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इनकी तलाश जारी है। डीएसपी सूर्यवीर सिंह ने बताया कि नाई थाना के हिस्ट्रीशीटर दिलीपनाथ और उसके साथियों ने सुनियोजित षडयंत्र के तहत सुखेर थाना क्षेत्र के पीड़ित को जबरन घर के बाहर से उठाया। उसे जान से मारने की धमकी देकर बड़गांव तहसील में ले जाकर जमीन का एग्रीमेंट करा लिया। पीड़ित को और उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर 35.50 लाख रुपए ऐंठने का दबाव बनाया। मामले में सुखेर थाने में दिलीप नाथ व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एसपी योगेश गोयल के निर्देशन और एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में डीएसपी सूर्यवीर सिंह मामले में जांच में जुटे हुए हैं।

# खमनोर थाने के बाहर रेबारी समाज का प्रदर्शन

## 50 लाख व नौकरी की मांग, करंट से घायल युवक का उदयपुर में चल रहा इलाज

**राजसमंद।** राजसमंद के खमनोर पुलिस थाने के बाहर आज रेबारी समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बिजली विभाग के पोल पर काम करते समय बिजली का झटका लगने से घायल हुए ठेकाकर्मी के इलाज के लिए रेबारी समाज द्वारा बुधवार को खमनोर थाने पर प्रदर्शन किया गया। समाज के लोगों की मांग है कि बिजली विभाग में ठेके पर कार्यरत मंदार निवासी शंकर रेबारी के परिजनों को 50 लाख मुआवजा, नौकरी व सरस बूथ दिया जाए जिससे वे अपना भरण पोषण कर सके । पशुपालन अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह ने बताया की खमनोर में कार्यरत कर्मचारी को लाइन पर काम करते समय झटका लगा था जिससे उसकी



हालत गंभीर हो गई है परिवार को 50 लाख रूपए संविदा पर नौकरी व सरस बूथ आवंटित किया जाए ओर यदि मांग नही मानी जाती है तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। बिजली विभाग के एक्सईएन ने बताया की समाज की जो भी मांग है उसे उच्च अधिकारियों को भेजा गया है, वो जो भी फैसला लेंगे वह पीडित के परिजनों को बता दिया जाएगा। शंकर रेबारी को पिछले शुक्रवार ड्यूटी के दौरान गांव गुडा में लाइन रिपेयरिंग करते हुए अचानक करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका अभी उदयपुर के निजी अस्पताल में उपचार जारी है ।

